भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2758
उत्तर देने की तारीख 10 जुलाई, 2019

दाहोद जिले में मोबाइल दूरसंचार सेवाएं

2758. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात में सम्पूर्ण दाहोद जिले को जिले में बीएसएनएल के टावरों की अपर्याप्त संख्या के कारण अब तक मोबाइल दूरसंचार सेवा के अन्तर्गत शामिल नहीं किया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त जिले में बीएसएनएल टावरों की अपर्याप्त संख्या का क्या कारण है;
(घ) सरकार द्वारा गुजरात में उक्त जिले में आवश्यक और अपर्याप्त संख्या में टावरों की स्थापना करने के लिए क्या प्रयास किए गए है; और
(ड़) सरकार द्वारा अब तक किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप कितनी सफलता प्राप्त की गई है?

उत्तर
संचार, विधि और न्याय, तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) से (ग): गुजरात के दाहोद जिले के कुल 691 गांवों में से 518 गांवों को भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की मोबाइल सेवाओं से जोड़ दिया गया है। बीएसएनएल तकनीकी-वाणिज्यिक संभाव्यता और निधियों की उपलब्धता के अन्तर्गत सभी लाइसेंसी सेवा क्षेत्रों में शहरी और ग्रामीण इलाकों में अपनी विस्तार योजनाओं के अधीन अपनी मोबाइल कवरेज और सेवाओं में सुधार लाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता है।

शेष 173 गांवों में से 164 गांवों को अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) की मोबाइल सेवाओं से कवर किया गया है।

(घ) और (ड़): बीएसएनएल ने दाहोद जिले में अपनी मोबाइल कवरेज को बढ़ाने और उसमें सुधार लाने के लिए चरण-VIII.4 विस्तार योजना के तहत दाहोद जिले में उन्नीस 3जी बेस ट्रांसीवर स्टेशन (बीटीएस) और चार 2जी बीटीएस संस्थापित किए गए हैं इसके अलावा चार 2जी बीटीएस और दो 3जी बीटीएस को संस्थापित करने की स्वीकृति भी मिल गई है।

******